## खबर संक्षेप

### तीन साल बाद भी न गिरफ्तारी, न चालान

**शहडोल।** कानून के सामने सभी बराबर हैं, यह सिद्धांत अब सवालों के घेरे में है। कोतवाली शहडोल में धारा 353, 420, 511, 467, 468, 471 भादंसं के अंतर्गत दर्ज प्रकरण में पुलिस की तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित कार्रवाई अब गंभीर संदेह उत्पन्न कर रही है। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार यह मामला राजेश कुमार मिश्रा उर्फ राजू निवासी दधिबल कॉलोनी और कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 25, किरण टॉकीज के पास शहडोल से संबंधित है। आरोप है कि दोनों ने जालसाजी, धोखाधड़ी, कूटरचना, सरकारी दस्तावेजों में हेराफेरी और सार्वजनिक कार्य में बाधा जैसे गंभीर अपराध किए। 20 मई 2022 को दर्ज एफआईआर के बाद भी अब तक न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई, न ही न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी में स्वयं कोतवाली ने स्वीकार किया है कि विवेचना जारी है। इस स्थिति पर अधिवक्ता संदीप कुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ शहडोल ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि यही आरोप किसी आम नागरिक पर लगे होते, तो वह अब तक जेल में होता, लेकिन यहां कानून की रफ्तार सत्ता और प्रभाव के हिसाब से चल रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब राजनीतिक संरक्षण और प्रभाव न्याय से ऊपर हो चुका है? क्या शहडोल पुलिस दबाव में काम कर रही है? अधिवक्ता श्री तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई, तो इस मामले को जनहित याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कानून तभी सम्मानित रहेगा, जब न्याय सबके लिए समान और समयबद्ध हो।

### प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता आज

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा शहडोल द्वारा भारत के गौरव के विषय में आयोजित की जाने वाली भारत को जानों सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रांत स्तरीय कार्यक्रम आज विधि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए परिषद के संस्कार उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में विंध्य प्रांत के आठ शाखाओं की टीमें हिस्सा लेंगी। यह प्रतियोगिता टीम आधार पर कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में आयोजित होगी। प्रतियोगिता की विजेता टीम क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विंध्य प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे शुरू होगी जो पूरी तरह से मंचीय क्विज आधारित होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के खनिज साधन विभाग के सचिव पूर्व सचिव नरेंद्र सिंह परमार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी करेंगे, सतना के राहुल सिंघई विशिष्ट अतिथि होंगे। उक्त प्रतियोगिता हेतु मध्यक्षेत्र ने अनिल कुमार डागा क्षेत्रीय संस्कार प्रमुख को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### आउटसोर्स भर्ती घोटाले पर भडक़ी कांग्रेस



**शहडोल।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार की एक और परत खुल गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय अवस्थी ने आरोप लगाया है कि प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में आउटसोर्सिंग के जरिए की गई 179 सहायकों और सहायिकाओं की भर्ती में भारी घोटाला हुआ है। इन पदों पर चयन के नाम पर 80,000 से 1,00,000 तक की मोटी रकम वसूली गई है, जिससे संदेह गहराता है कि पूरा प्रकरण विभागीय अधिकारियों और ठेका एजेंसी की मिलीभगत का नतीजा है।

श्री अवस्थी ने कहा कि जिस भर्ती प्रक्रिया में पैसे लेकर नियुक्तियां की जाएं, वह आउटसोर्स नहीं बल्कि आउट ऑफ सिस्टम भर्ती कहलाती है। उन्होंने कलेक्टर से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और सभी नियुक्तियों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। कांग्रेस नेता ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की तो जिला कांग्रेस कमेटी हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सडक़ों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के हक और पारदर्शिता की लड़ाई लड़ेगी, चाहे इसके लिए आंदोलन क्यों न करना पड़े। अजय अवस्थी ने कहा कि जनता की सेवा के नाम पर रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में इस तरह की खरीद-फरोख्त ने गरीबों के भरोसे को तोड़ा है। प्रशासन यदि ईमानदारी से जांच करेगा तो पूरा रैकेट उजागर हो जाएगा। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि अब भ्रष्टाचार के हर गढ़ को उजागर किया जाएगा, चाहे वह स्वास्थ्य विभाग हो या कोई और कार्यालय।

---

## वर्दी घोटाले पर प्रकाशित खबर से नाराज़ नेता ने गाली के साथ दी जान से मारने की धमकी

# गालीबाज नेता पर पुलिस ने फिर दर्ज किया अपराध

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, पत्रकार जगत में आक्रोश

शहडोल।

**जिले की नगर पालिका परिषद धनपुरी में कर्मचारियों की वर्दी आपूर्ति से जुड़ी अनियमितता पर प्रकाशित समाचार के बाद पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष के पति इंद्रजीत सिंह छाबड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।**





हरिभूमि

निकायों में साबित हुआ भ्रष्टाचार, अब धनपुरी में फिर वही कहानी

पत्रकार को फोन पर गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर धनपुरी पुलिस ने बीएनएस की धारा 296 ए, 351 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। श्री छाबड़ा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व में दो बार जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य होने का दावा करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष उनकी पत्नी श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा दूसरी बार नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष हैं। इस पूरे प्रकरण ने राजनीतिक और पत्रकारिता दोनों ही क्षेत्रों में हलचल मचा दी है।

### पहले वर्दी बांटी, बाद में निकली निविदा

नगर पालिका धनपुरी में कर्मचारियों के लिए वर्दी आपूर्ति का मामला चर्चा में है। लगभग 200 कर्मचारियों को एक माह पहले ही वर्दी वितरित की जा चुकी थी, जबकि निविदा की प्रक्रिया बाद में 10 अक्टूबर 2025 को प्रारंभ की गई। वर्दी आपूर्ति की अनुमानित राशि 8.72 लाख जीएसटी सहित थी, जिसका प्रकाशन जेम पोर्टल पर किया गया। यह पूरा मामला इस बात की ओर संकेत करता है कि वितरण पहले ही कर दिया गया और निविदा केवल कागजी औपचारिकता के रूप में बाद में निकाली गई। नगर पालिका की इस कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### खबर से नाराज़ नेता ने दी धमकी

नगर पालिका की अनियमितता पर खबर प्रकाशित होते ही पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ने संबंधित पत्रकार को मोबाइल पर कॉल कर अपमानजनक भाषा में गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। यह घटना 25 अक्टूबर 2025 की दोपहर लगभग 12:37 बजे की बताई जाती है। पत्रकार ने धमकी के तुरंत बाद इसकी जानकारी अपने सहकर्मियों और पुलिस को दी। इस प्रकरण ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आज़ादी पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

### धनपुरी थाने में दर्ज हुआ मामला

पत्रकार की शिकायत पर धनपुरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 296 ए, 351 ए के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल रिकॉर्डिंग, कॉल डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जा रहा है। प्राथमिक जांच में घटना सत्य पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई प्रारंभ की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विवेचना निष्पक्ष रूप से की जा रही है।

### राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण बढ़ा मामला

आरोपी इंद्रजीत सिंह छाबड़ा का राजनीतिक प्रभाव क्षेत्र में व्यापक है। वे भारतीय जनता पार्टी के दो बार जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य होने का दावा करते हैं। नगर पालिका धनपुरी की वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा उनकी पत्नी हैं, जो दूसरी बार इस पद पर निर्वाचित हुई हैं। इस कारण यह प्रकरण अब राजनीतिक रंग ले चुका है और पार्टी स्तर पर भी असहज स्थिति बनी हुई है। कई राजनीतिक जानकार इसे शक्ति प्रदर्शन और दबाव की राजनीति के रूप में देख रहे हैं।

### पत्रकार सुरक्षा और प्रेस स्वतंत्रता पर उठा प्रश्न

घटना के बाद जिले के पत्रकार समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। पत्रकारों का कहना है कि यदि कोई समाचार तथ्य के साथ प्रकाशित किया जाता है और उसका जवाब धमकी या अभद्रता से दिया जाता है, तो यह लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग एक बार फिर जोर पकडऩे लगी है। राज्य स्तर पर भी मीडिया संस्थानों ने इस घटना को पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। शहडोल सहित संभागीय मुख्यालयों पर विरोध स्वरूप ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक की तत्पर कार्रवाई

इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव का रवैया अत्यंत सराहनीय रहा। शिकायत मिलते ही उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया और थाना प्रभारी धनपुरी को तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। एसपी की सख्ती से यह संदेश गया कि कोई भी व्यक्ति चाहे राजनीतिक रूप से कितना प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। पुलिस की इस कार्रवाई ने पत्रकारों के बीच विश्वास का माहौल बनाया है और निष्पक्षता की छवि को मजबूत किया है।

### समाज और प्रशासन के लिए संदेश

यह प्रकरण केवल एक व्यक्ति या संस्था से जुड़ा नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही से संबंधित है। नगर पालिका धनपुरी में हुई अनियमितता और उसके बाद की धमकी की घटना प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर विफलता की ओर इशारा करती है। फिलहाल मामला जांच के अधीन है और पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। जनता को अब इस बात का इंतज़ार है कि क्या इस मामले में राजनीतिक दबाव से परे रहकर न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह घटना पूरे प्रदेश के पत्रकारों के लिए भी एक मिसाल और चेतावनी दोनों बनकर सामने आई है।

### प्रेस जगत की नजर अगली कार्रवाई पर

पत्रकार को धमकी देने के इस प्रकरण ने प्रदेशभर में हलचल पैदा कर दी है। पत्रकार संगठन इस बात पर नज़र रखे हुए हैं कि प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है। जनता और मीडिया जगत की यही अपेक्षा है कि निष्पक्ष जांच हो और दोषी को उचित दंड मिले। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई आंच न आए। धनपुरी की यह घटना अब केवल एक थाना क्षेत्र का मामला नहीं, बल्कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता और शासन की विश्वसनीयता की कसौटी बन गई है।

---





# देशभक्ति के तरानों से गूंजा विराटनगर

## हर्षोल्लास से मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**शहडोल।** ''अभ्युदय मध्यप्रदेश'' थीम के तहत शुक्रवार को प्रदेश का 70वां स्थापना दिवस शहडोल जिला मुख्यालय स्थित राजेंद्र टॉकीज पैलेस में गरिमामय और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश की विरासत, संस्कृति और विकास की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात मध्यप्रदेश गान ने पूरा वातावरण देशभक्ति के सुरों से गूंजा दिया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने इस अवसर पर जिलेवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारे गौरव, संस्कृति और विकास यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में लगातार उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। उन्होंने आम नागरिकों से आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। सभागार 'जय मध्यप्रदेश' के नारों और तालियों से गूंज उठा। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त आनंद राय सिंहा, समाजसेवी अंकुश शर्मा, पुष्पेंद्र पटेल, पत्रकार, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन डीपीसी अमरनाथ सिंह ने किया। शहडोल में मनाया गया यह आयोजन प्रदेश की एकता, प्रगति और गौरव का प्रतीक बनकर यादगार बन गया।

# रिलायंस डीएफए जूनियर बालिका टीम सिंगरौली टूर्नामेंट के लिए रवाना

### प्रदेश स्तरीय प्रतिभा दिखाने को तैयार 18 सदस्यीय दल, चयनित खिलाड़ियों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

शहडोल।




खेल प्रतिभाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रिलायंस फाउंडेशन एवं जिला फुटबॉल संघ शहडोल की संयुक्त पहल के तहत शुक्रवार को 18 सदस्यीय रिलायंस डीएफए जूनियर बालिका फुटबॉल टीम सिंगरौली इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 2 से 6 नवंबर तक सिंगरौली में आयोजित की जा रही है, जिसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी।

शहडोल टीम में 14 खिलाड़ी रिलायंस फाउंडेशन ट्रेनिंग सेंटर कंचनपुर, धुरवार, धनगवां और देवरी) से, 3 खिलाड़ी शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय से तथा 1 खिलाड़ी विचारपुर से चयनित हुई हैं। टीम के साथ राजू बैगा टीम मैनेजर एवं कोच, धनगवां ट्रेनिंग सेंटर और यशोदा सिंह कोच, कंचनपुर ट्रेनिंग सेंटर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वहीं विचारपुर से सीताराम साहिश, लक्ष्मी साहिश, रजनी सिंह और संजय सिंह को रेफरी के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाडिय़ों का चयन मध्य प्रदेश जूनियर बालिका टीम के लिए किया जाएगा, जिसे आगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दीमापुर (नागालैंड) में 23, 25 और 27 नवंबर को खेलने का अवसर मिलेगा। खिलाडिय़ों को सिंगरौली के लिए रवाना करते समय रईस अहमद सचिव, जिला फुटबॉल संघ एवं सहायक संचालक खेल, राजीव श्रीवास्तव सीएसआर हेड, रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट, डॉ. समीम ख़ान, वीरेंद्र प्रजापति और राजकुमार डोलिया मौजूद रहे। रिलायंस फाउंडेशन ने खिलाडिय़ों की सुविधा हेतु विशेष बस की व्यवस्था की।

उल्लेखनीय है कि जुलाई माह में रिलायंस सब जूनियर टीम ने महू (इंदौर) में शानदार प्रदर्शन कर शहडोल की 5 बालिकाओं को मध्य प्रदेश टीम में जगह दिलाई थी। उसी उत्साह के साथ इस बार भी टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई गई है।

---

## अमित बघेल की टिप्पणी पर भडक़ा विरोध

# भारतीय सिंधु सभा ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग

शहडोल।

छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य इष्ट देव भगवान झूलेलाल साईं जी के प्रति सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आज भारतीय सिंधु सभा ने थाना कोतवाली में ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोपी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 26 अक्टूबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल वीडियो में अमित बघेल ने सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल साईं जी को लेकर अत्यंत अपमानजनक टिप्पणी की, उसके दुर्भाग्यपूर्ण इस बयान को लेकर पूरे देश के सिंधी समाज में गहरा रोष फैल गया है। समाज का कहना है कि यह टिप्पणी न केवल सिंधी समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली है, बल्कि देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है।

### गंभीर धाराओं में दर्ज हो अपराध

सभा के सदस्यों ने कहा कि सिंधी समाज ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई है। भगवान झूलेलाल साईं जी का उपदेश शांति, सद्भाव और मानवता का प्रतीक है। ऐसे में उनके प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पूरे समाज के लिए अस्वीकार्य है। सभा ने पुलिस प्रशासन से आरोपी पर बीएनएस की गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का साहस न कर सके।




भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष जयप्रकाश नागवानी, महामंत्री संजय रोहरा और संगठन प्रभारी गौतम राज के नेतृत्व में यह ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा गया। सभा ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो समाज शांतिपूर्ण लेकिन व्यापक विरोध के लिए बाध्य होगा।

### हमारे आराध्य का अपमानः नागवानी

भारतीय सिंधु सभा की जिलाध्यक्ष जयप्रकाश नागवानी ने कहा भगवान झूलेलाल जी सिंधी समाज के ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के आराध्य हैं। उनके प्रति की गई यह टिप्पणी अत्यंत निंदनीय और असहनीय है। सिंधी समाज ने हमेशा देश की एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक गौरव को बनाए रखा है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति यदि हमारे आराध्य का अपमान करता है तो वह राष्ट्र की आत्मा पर चोट करता है।

### धार्मिक विद्वेष फैलाने का प्रयासः रोहरा

समाज के महामंत्री संजय रोहरा ने कहा कि अमित बघेल द्वारा किया गया यह कृत्य न केवल सिंधी समाज की भावनाओं को आहत करता है, बल्कि समाज में धार्मिक विद्वेष फैलाने का प्रयास भी है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे तत्वों पर कठोर कार्रवाई करते हुए सामाजिक सौहार्द की रक्षा करे, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की हरकत करने से पहले सौ बार सोचने पर मजबूर हो।

### हर सिंधी का मन व्यथितः राज

संभागीय अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि भगवान झूलेलाल जी के प्रति श्रद्धा सिंधी समाज की आस्था का केंद्र है। उनके अपमान से हर सिंधी का मन व्यथित है। हम कानून और संविधान में विश्वास रखते हैं, इसलिए प्रशासन से उम्मीद है कि वह इस मामले को गंभीरता से लेकर आरोपी पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करेगा ताकि समाज में विश्वास और न्याय की भावना बनी रहे।

**खबर संक्षेप**

### आज मनाई जायेगी नामदेव महाराज की जयंती



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती समारोह का आयोजन नामदेव समाज विकास परिषद कोतमा के तत्वाधान मे सुनिश्चित किया गया है। जिसमें सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। कार्यक्रम 2 नवंबर को बूढ़ी माता मंदिर बनिया टोला कोतमा मे आयोजित होगा जहां सुबह 8 से 10 बजे तक पूजन व दोपहर 11 से 3 बजे तक भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

### सहायक शिक्षिका श्रीमती क्रांति देवी चंदेल सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई



**जमुना/बदरा।** माध्यमिक विद्यालय जमुना बस्ती की सहायक शिक्षिका श्रीमती क्रांति देवी चंदेल 31 अक्टूबर को अधिवर्षिका आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुईं। उनके सम्मान में विद्यालय परिसर में संकुल प्राचार्य अवधराज सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती चंदेल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन राहा सर द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान राहा सर ने मैडम चंदेल के सेवा काल की उपलब्धियों और उनके प्रेरणादायी कार्यों पर प्रकाश डाला। संकुल प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में श्रीमती चंदेल के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका शिक्षण जीवन भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती चंदेल ने सभी सहयोगी शिक्षकों और संकुल प्राचार्य के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया तथा स्नेहिल विदाई के इस पल को अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया।

### विद्यार्थियों को सफलता के लिए सोशल मीडिया से दूरी जरूरी



**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कोशिश सेवा समिति कोतमा-कालरी द्वारा बाल शिक्षा निकेतन उत्तर माध्यमिक विद्यालय में किशोर बालक-बालिकाओं हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य विषय रहे मेंटल हेल्थ, सोशल मीडिया का उपयोग-दुरुपयोग एवं साइबर सुरक्षा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव ने की और इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद थाना भालूमाड़ा से आरक्षक मोहित राणा ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी।

...तो उपयंत्री की मिलीभगत से हुआ करोड़ों का खेल!

# काम 20 प्रतिशत और भुगतान 75 प्रतिशत

### पुराने पोल और घटिया केबल से बढ़ा हादसों का खतरा

**शहडोल।** ब्योहारी से न्यू सपटा मार्ग निर्माण में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही और अनियमितताओं का बड़ा मामला सामने आया है। लगभग 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति वाले इस प्रोजेक्ट में महज 20 प्रतिशत कार्य हुआ, जबकि 75 प्रतिशत भुगतान पहले ही कर दिया गया। पुराने बिजली पोल नहीं हटाए गए, घटिया केबल लगाई गई और कार्य छह माह से ठप्प पड़ा है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। जिले में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। ब्योहारी से न्यू सपटा मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग और सडक़ निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। महज 20 प्रतिशत कार्य होने के बावजूद 75 प्रतिशत भुगतान कर दिया



गया, घटिया सामग्री का उपयोग हुआ और पुराने पोल हटाए बिना कार्य बंद पड़ा है। जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं।

### भ्रष्टाचार की खुली मिसाल

ब्योहारी से न्यू सपटा मार्ग का निर्माण कार्य वर्ष 2023-24 में स्वीकृत किया गया था, जिसकी लागत लगभग 5 करोड़ रुपये है। इस प्रोजेक्ट (नं. 735924) का कार्यादेश 20 जून 2024 को अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उपसंभाग शहडोल को जारी किया गया था। नियमों के अनुसार समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए था, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी कार्य लगभग ठप्प पड़ा है। एमपीईबी एई ब्योहारी की जांच में सामने आया कि कार्य का केवल 20 प्रतिशत ही पूरा हुआ है, जबकि ठेकेदार को लगभग 75 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। यह भुगतान कैसे और किस आधार पर हुआ, इस पर विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### पुराने पोल नहीं हटाए, दुर्घटना का खतरा बढ़ा

निर्माण कार्य में सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि पुराने विद्युत पोल अब तक नहीं हटाए गए। सडक़ किनारे खड़े ये पोल न केवल काम में बाधा डालते हैं, बल्कि राहगीरों के लिए गंभीर खतरा भी बने हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन पोलों को नहीं हटाया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा, केबल और अन्य विद्युत सामग्रियों में भी घटिया क्वालिटी का इस्तेमाल किया गया है। इस पर स्थानीय और उच्च अधिकारियों तक शिकायतें पहुंची हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### जवाबदेही तय करने से बच रहा विभाग

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) उपसंभाग शहडोल से इस बारे में संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्वीकार किया कि भुगतान का 75 प्रतिशत जारी हो चुका है। लेकिन मौके पर केवल 20 प्रतिशत कार्य हुआ है और बाकी काम पूरी तरह बंद पड़ा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि विभागीय मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी वित्तीय अनियमितता संभव नहीं है। वे मांग कर रहे हैं कि जिम्मेदार उपयंत्री और अनुविभागीय अधिकारी के खिलाफ तत्काल विभागीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की मनमानी पर रोक लग सके।

### जनता की सुरक्षा से खिलवाड़

ब्योहारी से न्यू सपटा मार्ग का मामला सिर्फ एक सडक़ निर्माण परियोजना में देरी का नहीं, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग, घटिया निर्माण और जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ का है। यदि मध्यप्रदेश शासन इस मामले में सख्त कदम नहीं उठाता, तो यह नजीर बनकर अन्य परियोजनाओं में भी भ्रष्टाचार और लापरवाही को बढ़ावा देगा।

## जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**उमरिया।** सहायक आयुक्त सहकारिता डा पूजा व्दिवेदी ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाना है। भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन के अवसर पर दिनांक 1 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक निर्धारित कैलेण्डर अनुसार भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने कहा है कि विभिन्न विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक गतिविधि में सम्मानीय जन प्रतिनिधि, जनजातीय समुदाय के मुखिया जैसे बैगा, तड़वी, पटेल, भुमका, पण्डा, पुजारा तथा जनजातीय शिल्पकार/कलाकार/ खेल प्रतिभाएं आदि तथा गैर-शासकीय संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला जेल में कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। जेल अधीक्षक डी. के. सारस ने बताया कि म.प्र. शासन के निर्देशानुसार जेल मे एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह एवं जेल मे एकता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जेल में अधिकारी, कर्मचारी तथा बंदियो को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराकर सरदार वल्लभ भाई पटेल की



दूरदर्शिता एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर बंदियो ने गीत, संगीत की प्रस्तुति भी दी। भारतीय मानव अधिकार एसोशिएशन उमरिया की महिला संरक्षण प्रमुख एवं सक्षम शक्ति संगठन की अध्यक्ष माधवी सिंह, सुधा विश्वकर्मा, सविता पाठक द्वारा जेल में बंदियो को स्वारोजगार योजना के लिये साफ्ट खिलौने बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम में , प्रमुख मुख्य प्रहरी शिवशंकर कोल, मुख्य प्रहरी जगतनारायण पांडेय, मो0 शारिव, रमन विश्वकर्मा एवं जेल में ड्यूटीरत प्रहरी एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## डॉ. अभय कुमार पाण्डेय हुए सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई



**उमरिया।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय के प्रथम प्राचार्य डॉ अभय कुमार पाण्डेय, सह प्राध्यापक रसायनशास्त्र अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात 42 वर्षों की उच्च शिक्षा की शासकीय सेवा से 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत हुए । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ परमेश्वर सिंह मरावी के नेतृत्व में डॉ पाण्डेय का सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । महाविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ के सभी सदस्यों ने डॉ पाण्डेय के कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय की उपलब्धियां, नवीन महाविद्यालय की स्थापना से लेकर आज अपने मूर्त रूप में स्थापित आदर्श महाविद्यालय की गाथा, प्रशासनिक क्षमता एवं महाविद्यालय के कुशल संचालन के विभिन्न कार्यों को रेखांकित किया ।

सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ पाण्डेय के पिता अवधेश कुमार पाण्डेय, छोटे भाई कृष्ण कुमार पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय एवं अनिल पाण्डेय पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे एवं केंद्रीय विद्यालय उमरिया से ग्रंथपाल एवं क्रीड़ाधिकारी की विशेष उपस्थिति रही। महाविद्याल के प्राचार्य डॉ सी बी सोदिया एवं डॉ नियाज़ द्वारा ऑनलाइन शुभकामना दी गई, वही डॉ विजय डावर , श्रीमती निशी कर्ण, सुश्री अपूर्वा , डॉ रिचा तिवारी , डॉ विष्णुकांत तिवारी , डॉ सत्येंद्र महोबिया , डॉ रामवृक्ष ,श्री दिनेश प्रसाद ,श्री महेंद्र कनोजिया , डॉ सपना झारिया , डॉ हरेंद्र, किरण , डॉ प्रज्वला, श्री कामता, डॉ रश्मि साकेत , डॉ कीर्ति तिवारी ,सुश्री शोभा गोस्वामी , शिवराज कोल द्वारा डॉ पाण्डेय का सम्मान पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया । कार्यक्रम के समापन में सभी सदस्यों ने डॉ पाण्डेय के साथ स्मृतियों को अपने कैमरे में संचित करते हुए महाविद्यालय के परिवार के सभी शिक्षकों , अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा भाव भीनी विदाई दी गई ।

कार्यक्रम के अंत में डॉ पाण्डेय द्वारा सभी सदस्यों को उनके प्रति स्नेह सम्मान और विश्वास के लिए सादर धन्यवाद ,आभार व्यक्त किया एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रेषित किया।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

**उमरिया।** जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि नावँकुर संस्था जया सेवा समिति द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सुखदास स्थित हाई स्कूल में रैली निकाली गयी एंव पौधरोपण किया गया और सभी बच्चों को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के बारे में बताया गया । इस अवसर पर सरपंच बिहारी सिंह , जनपद सदस्य धानू प्रजापति , हाई स्कूल के प्राचार्य गुलाल , नावँकुर संस्था के अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम , प्रस्फुटन समिति हरदुआ के अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी , सुंदरलाल एंव सभी शिक्षक और ग्रामवासी ,बच्चे उपस्थित रहे।




### बाल विवाह नहीं करने की ग्रामीणों को दी गई समझाईश

**उमरिया।** जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ल ने बताया कि सेक्टर 5 घुलघुली के परामर्शदाता सोनाली तिवारी द्वारा ग्राम बेहर्दे में बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव को समझाया गया व साथ ही उपस्थित जनों को सपथ भी दिलाई गई। इस दौरान बताया गया कि बाल विवाह एक अभिशाप है । लडक़ी की शादी 18 तथा लडके की शादी 21 साल में करनी चाहिए । बाल विवाह करने पर बेटियो की पढाई छूट जाती है इसके साथ ही शरीर पर भी दुष्प्राभाव पड़ता है । इस अवसर पर सीएमसीएलडीपी छात्रा संध्या सिंह सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अवैध गतिविधियों पर विगत दो दिनों में प्रभावी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा विगत दो दिनों में अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई है। रामनगर पुलिस द्वारा लंबित प्रकरणों में 3 स्थाई वारंटी आरोपियों को तामील किया गया जिसमे प्रकरण क्रमांक 598/23 धारा 294, 323, 506 भादवि आरोपी कैमल उर्फ बट्टू चौधरी पिता स्व. नीरज चौधरी, उम्र 35 वर्ष, निवासी फुलवारी टोला। प्रकरण क्रमांक 33/20 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि एवं एससी-एसटी एक्ट आरोपी मनोज विश्वकर्मा पिता ओमकार विश्वकर्मा, उम्र 38 वर्ष, निवासी आमाडांड तथा प्रकरण क्रमांक 01/25 धारा 138 एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस) आरोपी श्रीमती पुष्पा कुशवाहा पत्नी अशोक कुशवाहा, निवासी बाजार दफाई, राजनगर शामिल है।

#### अवैध अंग्रेजी/देशी शराब बिक्री पर कार्रवाई

30 अक्टूबर को थाना रामनगर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम फुलवारी टोला में दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध शराब बिक्री की जा रही है। चौहान पेट्रोल पंप के पास फुलवारी टोला में दबिश देकर आरोपी नहरू नट पिता स्व. भागवत नट, उम्र 50 वर्ष को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 12 पाव देशी प्लेन शराब (कुल 2.160 लीटर, मूल्य 840) 5 पाव ब्लू चिप अंग्रेजी शराब (कुल 900 एमएल, मूल्य 550) कुल 3.06 लीटर शराब जब्त की गई। दूसरे मामले मे गांव के ही गाल ढाबा के पीछे दबिश दी गई, जहाँ संजू पाव पिता गणेश सिंह पाव, उम्र 25 वर्ष, निवासी फुलवारी टोला को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 18 पाव देशी प्लेन शराब (कुल 3.240 लीटर, मूल्य 1260) 5 पाव ब्लू चिप अंग्रेजी शराब (कुल 900 एमएल, मूल्य 550) कुल 4.14 लीटर शराब (कुल मूल्य 1,810) जब्त की गई। दोनों ही मामलों में आरोपीगणों उपरोक्त के विरुद्ध क्रमश अपराध क्रमांक 293/25 एवं 294/25 धारा 34 (ए) आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब को जब्त कर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर लाखों के मोबाइल ले उड़े चोर



### सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, फोरेंसिक एवं पुलिस जांच में जुटी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के मुखर्जी चौक में स्थित जय माता दी मोबाइल शॉप में 6 लाख रुपए के मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। गुरुवार की दरमियानी रात को चोरों ने दुकान की टीन काटकर 30 से 35 नग मोबाइल महंगे कंपनी के चोरी कर ले गए साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी तोड़ते हुए छत में फेक कर फरार हो गया। घटना की जानकारी दुकान संचालक पंकज गुप्ता को शुक्रवार की सुबह लगी जब दुकान खोला और देखा कि ऊपर की सीलिंग टूटी होने के साथ छत की टीन काटकर घुसे चोर ने दुकान के डिस्प्ले से ब्रांडेड मोबाइल गायब है साथ ही दुकान का पूरा समान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है। घटना की सूचना थाना में दिए जाने पर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगालने में जुट गए हैं। बड़ी चोरी की घटना को लेकर फोरेंसिक टीम के द्वारा भी घटनास्थल का मुआयना करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किया गया है। चोरी किये स्थल एवं बाजार में लगे नपा के कैमरों में एक नकाबपोश चोर की गतिविधियां सामने आई हैं। जो रात ढाई बजे के आस पास पूरे बाजार क्षेत्र में आराम से घूमने के बाद मुखर्जी चौक के पास स्थित दुकान के बगल की पान दुकान से चढ़कर टीन को काटते हुए दुकान के अंदर प्रवेश करते नजर आ रहा हैं। नकाबपोश चोर नीले रंग की शर्ट पहनकर ढाई घंटे तक बेखौफ चोरी करने के बाद सुबह 5 बजे दुकान से निकलकर भागते दिख रहा है। बैग में चोरी किया मोबाइल एवं अन्य समान के साथ फरार हो गये। मोबाइल दुकानदार पंकज गुप्ता के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस की फोरेंसिक एवं साइबर टीम के द्वारा फुटेज एवं हार्ड डिस्क की जांच कर चोर की तलाश में पुलिस जुटी है।

#### इनका कहना है

चोरी होने की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच की जा रही है। साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है नगर मे लगे कैमरों के सी सी फुटेज खगाले जा रहे हैं आरोपी को पकड़ने का प्रयास जारी है।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर नगर परिषद राजनगर में हुआ भव्य आयोजन

### छात्र-छात्राओं और कर्मठ कर्मचारियों का हुआ सम्मान



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर परिषद (बनगवां) राजनगर में शनिवार को हर्षोल्लास और देशभक्ति के रंगों से सराबोर भव्य समारोह आयोजित किया गया। नगर परिषद परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य नगर पालिका अधिकारी राममिलन तिवारी ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमित कौशिक थाना प्रभारी रामनगर, गजेंद्र सिंह सिकरवार ,कमलेश चतुर्वेदी (मंडल अध्यक्ष राजनगर), धर्मेंद्र सिंह (पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष), सुरेश गौतम, सच्चिदानंद सिंह, अशोक वर्मा, संतोष जायसवाल, देवनाथ त्रिपाठी सहित नगर परिषद के सभी पार्षद एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश के गीत और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने अपने संबोधन में कहा, कि मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है, जिसने न केवल सांस्कृतिक रूप से बल्कि विकास के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है, कि हम इस प्रदेश के नागरिक हैं और इस भूमि ने अनेक स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों और नेताओं को जन्म दिया है। जिन्होंने देश की दिशा तय की। रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश की पहचान शांति, भाईचारे और प्रगति की है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रदेश की एकता और विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश की तरक्की तभी संभव है। जब हम सभी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें और समाज में सकारात्मक सोच फैलाएं। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, गीत-संगीत, खेलकूद, मैराथन दौड़ सहित अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने मंच पर देशभक्ति गीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद के कर्मठ और ऊर्जावान कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। नगर परिषद के कर्मचारियों की निष्ठा और मेहनत से ही नगर विकास संभव होता है। उन्होंने सभी से नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। पार्षद गणों में गिरिजा विश्वकर्मा, सविता कुशवाहा, पार्वती पनिका, तेज बहादुर कुशवाहा सहित सभी पार्षदों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम की सफलता के लिए मिलकर कार्य किया। लेखापाल राजेश मिश्रा, मंसूरी एवं अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी सराहनीय रही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राममिलन तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को एकजुट करने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नगर परिषद बनगवां (राजनगर) स्वच्छता, शिक्षा और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने "जय मध्यप्रदेश" के नारों के साथ प्रदेश की प्रगति और एकता का संकल्प लिया। अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की भी भारी उपस्थिति रही, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों और सम्मानित कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का यह समारोह नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के इतिहास में एक यादगार दिन के रूप में दर्ज हो गया। एक ऐसा दिन, जब विकास, एकता और गौरव के साथ "दिल से मध्यप्रदेश" की भावना हर दिल में बस गई।

## खबर संक्षेप

### आबकारी कार्यालय शाखा का प्रभार रजनीश त्रिपाठी ने संभाला, अवैध शराब की गतिविधियों पर रखेंगे पैनी नजर



**बुढ़ार।** आबकारी कार्यालय शाखा का प्रभार पुनः आबकारी उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। विदित हो कि इसके पूर्व आबकारी उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल पदस्थ थे जिनका पदोन्नति कार्यवाहक प्रभारी अधिकारी रीवा भंडागार के लिए हो गया। जिनके स्थान पर पुनः आबकारी उप निरीक्षक श्री त्रिपाठी को जिला आबकारी अधिकारी सुश्री सावित्री भगत ने कार्यभार सौंप दिया है।
नवागत आबकारी उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि आबकारी व्रत क्षेत्र में किसी तरह की अवैध शराब के ठिकाने एवं की गतिविधियों नहीं चलेगी जिस पर पैनी नजर रहेगी।

### विपिन गुप्ता ने समाज सेवा की ओर बढ़ाया कदम



**ब्यौहारी।** नगर के युवा व्यवसायी विपिन गुप्ता ने समाज सेवक की ओर कदम बढ़ाया है गरीबों की मदद करते रहते हैं विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, व्यापारी संघ इन संगठनों के विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं उनका कहना है हम सबको निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करनी चाहिए किसी से स्वार्थ नहीं रखना चाहिए

### जनजातीय रंग में रंगा स्थापना दिवस, लोक गीतों और नृत्यों ने मोहा मन




**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम जनजातीय संस्कृति, लोक नृत्य और राष्ट्रभक्ति के रंगों में सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के ग्राम पड़मनिया से आए विराट शैला पार्टी की पारंपरिक शैला नृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसे उपस्थित जनों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से सराहा।
ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर की छात्राओं ने आदिवासी से भारत के निवासी गीत पर लोक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि सुगम संगीत कार्यक्रम में श्रीमती पूर्णिमा द्विवेदी का ऐ मेरे वतन के लोगों और दीपाली जायसवाल का नारी सशक्तिकरण गीत दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। दृष्टिबाधित सीमा नामदेव ने भक्ति गीत से सभी को भावविभोर किया, वहीं प्रकाश जासवाल और लकी ग्रुप की बघेली प्रस्तुति मध्यप्रदेश मा भईया घुमै चली ने कार्यक्रम में स्थानीय रंग भरा। सेवानिवृत्त प्राध्यापक नीलमणि दुबे ने विचार प्रवाह के माध्यम से विराट धरा के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। साहित्यकार डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने सनातन संस्कृति पर आधारित स्वरचित गीत प्रस्तुत किया और अपनी पुस्तकों का प्रदर्शन भी किया।

### सड़कों में भर रहा पानी

**ब्यौहारी।** ग्राम पंचायत साखी के अंतर्गत जगह जगह सड़कों में पानी भर रहा है ग्राम पंचायत द्वारा पानी की पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं की जा रही है नालियों की सफाई सालों से नहीं हुई वैसबार मोहल्में मे संतोष नापित कि घर के पास जो नाली बनी है उसकी सफाई न होने से उसके घर का पानी सड़कों में बह रहा है कई बार सरपंच सचिव को जानकारी दी गई लेकिन नाली की सफाई नहीं कराई गई हर बार कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है स्थानीय जनों ने नाली किसी शीघ्र सफाई कराये जाने की मांग की।

महाविद्यालयीन छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी मनोहारी प्रस्तुति, प्रदेश गान के साथ विकास गाथा पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

# मप्र का स्थापना दिवस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूरे उल्लास के साथ मनाया गया







**बुढार।** मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्साहमय भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया और भारत के हृदय स्थल मध्य प्रदेश के विकास गाथाओं पर मंचासीन अतिथियों ने प्रेरक विचार व्यक्त किये।
जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ तथा राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मैथिलीशरण गुप्त, शिवेंद्र कुमार द्विवेदी,अपर कलेक्टर अमृता गर्ग, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविन्दरकौर छावड़ा, नगर परिषद बुढार अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी,बकहो नगर परिषद अध्यक्ष मौसमी केवट एवं शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन के विशिष्ट आतिथ्य एवं शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया।
म. प्र. के 70 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित के उपरांत म. प्र. गान से हुआ वहीं मुख्यातिथ व अतिथियों का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।
1 नवंबर 1956 में अस्तित्व में आये भारत के हृदय म. प्र. के विकास गाथाओं पर वक्ताओं तथा महाविद्यालय छात्रों ने प्रेरक प्रकाश डाला और प्रदेश की उपलब्धियों का बखान किये, तथा महाविद्यालयीन छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी।
इस अवसर पर मुख्यातिथ विधायक जयसिंह मरावी ने म. प्र. के स्थापना दिवस पर शुभकामना देते हुये कहाकि - भारत के यशस्वी लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनकल्याणकारी योजनाओं को म. प्र. के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी मूर्तस्वरूप प्रदान कर लाभान्वित करा रहे हैं और म. प्र. निरंतर प्रगति और विकास की ओर अग्रसर है। विधायक जयसिंह मरावी ने कहाकि - प्रदेश में अनेकानेक महापुरुषों ने जन्म लिया और देश एवं प्रदेश में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुये ऊंचाइयां हासिल की ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर वर्तमान पीढ़ी अनुसरण करते हुये अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हो। विधायक श्री मरावी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले महाविद्यालय के समस्त प्रतिभागियों को 51 सौ के मान से पुरस्कार प्रदान करने की सहर्ष घोषणा की।
विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मैथिलीशरण गुप्त ने कहाकि - म. प्र. सभ्यता का जनक और आस्था का आधार रहा है जहां धार्मिक एवं पुण्य तीर्थ स्थलियों का संगम है और साहित्य एवं कला के क्षेत्र में म. प्र. अग्रणी रहा जिसकी जितनी बखान की जाये कम है। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक शिवेंद्र कुमार द्विवेदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहाकि - म. प्र. अध्यात्म, प्राकृतिक तथा संस्कृति के क्षेत्र में भी अग्रणी रहा है और अस्तित्व में आने के बाद प्रगति की ओर अग्रसर है।
नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहाकि - म. प्र. के स्थापना दिवस को मानते हुये हम सभी हर्षित है क्योंकि म. प्र. की पुण्य भूमिं पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी, मैहर घराने के सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन, गोस्वामी तुलसीदास जी एवं कबीर दास जी जैसे अनेकों महान विभूतियों ने देश एवं प्रदेश में अपना नाम रोशन किये।
अपर कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग ने कहाकि - म. प्र. के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय है, वहीं भावी कर्णधार महान विभूतियों के योगदान से भली भांति परिचित हो सके यह उन्हें निश्चित ही ऊंचाइयों की ओर अग्रसर करेगी।
शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन ने कहाकि - म. प्र. में अनेक महान विभूतियों ने तरक्की व खुशहाली की दिशा में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया जिन्हें स्मरण किया और सांस्कृतिक धरोहरों एवं पुरातत्व की दृष्टि से नागर शैली एवं स्थापत्य कला को प्रदर्शित करनें वाले विराट मंदिर, श्रीयंत्र मंदिर के ऐतिहासिक पृष्ट भूमिं पर प्रकाश डाला वहीं फिल्मी दुनिया के महान मशहूर गायको में किशोर कुमार को स्मरण किये। श्री जैन ने किशोर कुमार के सदाबहार गीत - जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं, जो मुकाम वो फिर नहीं आते प्रस्तुत कर माहौल खुशनुमा बना दिये।
महाविद्यालय की प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती डॉ गंगा मिश्रा ने मुख्यातिथ व अतिथियों का स्वागत करते हुये कहाकि - म. प्र. अग्रणी प्रदेश के रूप में विद्यमान है और प्रदेश साहित्य कला एवं संस्कृति की क्षेत्र में अपनी एक अलग स्थान बनायी है, आज मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस मनाते हुये अत्यंत हर्षित है।
कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राधेश्याम नापित ने किया तथा सभी के प्रति आभार प्रदर्शन डॉ अनिल कुमार उपाध्याय ने व्यक्त किया।
कार्यक्रम अवसर पर - पुष्पेंद्र ताम्रकार, दौलत मनवानी, राकेश पाण्डेय, दीपक शर्मा, पत्रकार मोहन नामदेव, श्रीकृष्ण गुप्ता, विपुल सिंह, योगेंद्र सिंह, पप्पू कोल, धर्मेंद्र दुबे, पंकज शर्मा, विशाल मनवानी, प्रवीण बडोलिया, आशु तिवारी, पुष्पराज सिंह, अजय शर्मा, गुड्डू दाहिया, नारायण जायसवाल, अनुराग गर्ग तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक - डॉ नागमणि मानिकपुरी, आई.के. बेक, मनोज कुजूर, एस.एम. प्रजापति, दिनेश वर्मा, दीपक पटेल, शशि मोहन सेन, आर.सी. त्रिपाठी, एस.पी. साहू, स्वाकलीन खान, दीपा सिंह, बी.एन. उपाध्याय, कमलेश प्रजापति, रितेश सिंह, कमला सिंह, हेमन्त द्विवेदी, देवीदीन बैगा, शिव चरण की विशिष्ट उपस्थिति रही।

## मेडिकल में बैठकर दवाइयां लिखते हैं डॉक्टर




**ब्यौहारी।** सिविल हॉस्पिटल ब्यौहारी के डॉक्टर निजी मेडिकल स्टोर में बैठकर मरीज को देखते हैं ग्राम बोड्डिहा के निवासी रोशन सिंह ने बताया कि रात 8:00 बजे मै अपनी पत्नी को दिखाने सिविल हॉस्पिटल पहुंचा तो डॉक्टर ड्यूटी कक्ष में नहीं थी अंदर से पूछने पर बताया कि डॉक्टर साहब मेडिकल स्टोर में बैठे हुए हैं वहां दवाईयां लिखवाने जाना पड़ेगा बाहर मै गया तो अस्पताल के सामने जो सारांश मेडिकल वहां पर बैठकर डॉ राघवेन्द्र सिंह द्वारा पर्चा लिखा जा रहा था और कहा कि सिर्फ बोतल अस्पताल में मिलेगा बाकी दवाई तुमको मेडिकल से खरीदनी पड़ेगी जबकि उनको ड्यूटी पीरियड में अस्पताल में उपस्थित होना चाहिए रोशन सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री एवं कलेक्टर से डां के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है

## श्रीराम पथ गमन स्थलों पर सजेगा दिव्य दीपोत्सव

### भक्ति, आस्था और उजास से झिलमिलाएगा पूरा शहडोल 5 नवम्बर को गूंजेगा 'जय श्रीराम', हर मंदिर प्रांगण में सजेगी दीपमालिका और भक्ति संध्या

**शहडोल।** रामायण की पवित्र स्मृतियों से जुड़ी शहडोल की धरा इस बार देव दीपावली दीपोत्सव पर आस्था, भक्ति और उल्लास की अद्भुत छटा बिखेरने जा रही है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 5 नवम्बर को जिले के श्रीराम चंद्र पथ गमन मार्ग के चिन्हांकित पवित्र स्थलों — गंधिया, सीतामढ़ी, भठिया देवी मंदिर, मां कंकाली मंदिर अंतरा, लखवरिया शिव प्रांगण और सिंहपुर मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा तय करते हुए नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। सम्पूर्ण कार्यक्रम की कमान सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति के हाथों में होगी, जबकि समन्वय का दायित्व जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडेय को सौंपा गया है।
विभिन्न स्थलों पर नोडल अधिकारियों के रूप में एसडीएम काजोल सिंह, एसडीएम अमृता गर्ग, सीईओ जयसिंहनगर शिवानी जैन, सीईओ बुढ़ार राजीव लघाटे, सीईओ गोहपारू सुधीर दिनकर, सीईओ जयसिंहनगर दीपक मंडावी आदि को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रमों में जनजातीय लोक कलाकारों की पारंपरिक प्रस्तुतियों से रामभक्ति और सांस्कृतिक रंग घुलेगा।
जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त आनंद राय सिंहा और राजेंद्र प्रसाद तिवारी कलाकारों के समन्वय की देखरेख करेंगे, जबकि सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक प्रज्ञा मरावी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की व्यवस्था संभालेंगी।
पूरे जिले में दीपोत्सव के दौरान दीप प्रज्वलन, भजन-संध्या, रंगोली प्रतियोगिता और भक्तिगीतों पर आधारित विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्रीराम के चरणों से पवित्र इस भूमि पर जब हजारों दीप एक साथ जगमगाएंगे, तो शहडोल की रात भक्ति, सौंदर्य और संस्कृति के उजास से आलोकित हो उठेगी।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पाली में एकता दौड़ का आयोजन, बच्चों और नागरिकों ने दिखाया जोश

**उमरिया।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पाली थाना और सेट जोसेफ स्कूल के तत्वावधान में एकता दौड़ (Run for Unity) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष सशस्त्र बल मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।
कार्यक्रम की शुरुआत सेंट जोसेफ स्कूल परिसर से हुई, जहां एसडीओपी एस. सी. बोहित ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। दौड़ में सेंट जोसेफ स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ सीआईएसएफ जवानों और नगर के नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पाली की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रेशमा शर्मा ने प्रतिभागी बच्चों को टी-शर्ट वितरित कीं, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। बच्चों ने देशभक्ति और एकता के नारों के साथ दौड़ पूरी की। यह दौड़ सेंट जोसेफ स्कूल से शुरू होकर पाली थाना परिसर में समाप्त हुई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही पाली थाना द्वारा फल और नाश्ते का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी, शिक्षक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रतिनिधि और नगर के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना रहा।



## नगर पालिका की पीआईसी बैठक में गरमाया माहौल, सच बोलने की सजा? स्कंद सोनी को सभापति पद से हटाया गया



**धनपुरी।** नगर पालिका सभागार में गत दिवस आयोजित प्रेसिडेंट इन काउंसिल (PIC) की बैठक एक औपचारिक चर्चा से अधिक, गरमागरम बहस में बदल गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ, विधायक प्रतिनिधि सहित सभी सभापति मौजूद रहे। चर्चा का मुख्य विषय हाल ही में लोकायुक्त टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए कर्मचारी के खिलाफ की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई था।
बैठक की शुरुआत में जब इस मामले पर राय मांगी गई तो सभापति वार्ड क्रमांक 24 पार्षद स्कंद सोनी ने साफ कहा — "मामला कोर्ट में विचाराधीन है, न्यायालय जो निर्णय दे वही उचित होगा। यदि कार्रवाई करनी ही है तो एक नहीं, दो लोगों पर कीजिए।" इस पर एक अन्य सभापति ने बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि "कार्रवाई दो नहीं तीन लोगों पर होनी चाहिए।" देखते ही देखते माहौल गरम हो गया, और बैठक में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई।
सूत्रों के अनुसार, जिन बिंदुओं पर बैठक बुलाई गई थी, उन पर कोई ठोस निर्णय नहीं निकल सका। लेकिन बैठक खत्म होने के कुछ ही समय बाद एक बड़ा फैसला सामने आया — सभापति स्कंद सोनी को पद से हटा दिया गया, और उनकी जगह भाजपा पार्षद नारायण जायसवाल को नया सभापति नियुक्त कर दिया गया।
आवाज उठाने की कीमत?
वार्ड क्रमांक 24 के पार्षद स्कंद सोनी नगर परिषद की बैठकों में हमेशा अपनी बुलंद आवाज और स्पष्ट रुख के लिए जाने जाते हैं। चाहे नगर में मॉडल रोड का निर्माण हो, शुद्ध पेयजल पाइपलाइन का विस्तार, या अपने वार्ड में अधूरे पड़े एस्टीमेट और टेंडर कार्य — स्कंद सोनी ने हर मुद्दे को मंच पर बेबाकी से उठाया विपक्ष की भूमिका भी अदा करते थे।
जानकारी के मुताबिक, उन्होंने हाल ही में अपने वार्ड की समस्या और अधूरे कार्यों को लेकर नगर पालिका कार्यालय में लिखित शिकायत भी सौंपी थी, और आवश्यक कार्रवाई न होने पर कार्यालय समक्ष बैठने की बात। नगर में चर्चा है कि इस सख्त तेवर और लगातार सवाल उठाने की आदत ने ही शायद उन्हें पद से हटाने की राह आसान कर दी।
"सच बोलने की सजा मिली" — स्कंद सोनी
एक औपचारिक बातचीत में स्कंद सोनी ने कहा — "मैंने केवल वही बात कही जो जनता के हित में थी। नगर, अपने वार्ड में कई ऐसे काम हैं जहां दो-चार काम ही हुए हैं, बाकी काम अब भी अधूरे हैं। लेकिन अधिकांश पार्षद चुप हैं, डरते हैं बोलने से। मैंने आवाज उठाई तो मुझे ही हटा दिया गया। शायद यही सच्चाई बोलने की कीमत है।"
नगर के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि आखिर नगर पालिका को स्कंद सोनी की कौन सी बात इतनी चुभ गई कि उन्हें हटाने की इतनी जल्दी दिखानी पड़ी?
बैठक का एजेंडा भले लोकायुक्त कार्रवाई पर चर्चा का रहा हो, लेकिन परिणाम कुछ और ही निकल आया — एक मुखर पार्षद की आवाज को दबाने की कोशिश साफ दिखाई दी।

# रविंद्र सिंह तोमर के सेवानिवृत्ति होने पर दी गई भावपूर्ण विदाई

### साल श्री फल एवं पुष्प माला से किया गया स्वागत, साथियों ने उनके अनुभवों को किया साझा



**शहडोल।** कोयला उद्योग में तीन दशक से अधिक सेवाएं देने वाले एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की दामिनी माइंस में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र सिंह तोमर के 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत्ति होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उनके सेवाकल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्री तोमर ने हमेशा अपने कौशल से उद्योग को सशक्त करने और अधीनस्थों को सहज व सरल स्वभाव के साथ कार्य क्षेत्र में तटस्थ रहने का जो मार्गदर्शन दिया वह अतुलनीय रहेगा। विदाई समारोह में उनके समधि कमलेश सिंह चंदेल के साथ पहुंचे उनके बड़े भाई अनूपपुर जिले के वरिष्ठ समाज सेवी व शिक्षाविद जितेंद्र सिंह ने कहां की किसी भी विभाग में अपने जीवन का वह अमूल्य समय देकर उसे सशक्त करना व्यक्ति के स्वभाव पर निर्भर करता है और वही स्वभाव समाज एवं कार्य क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक होता है रविंद्र सिंह तोमर ने एसईसीएल में उन कठिन परिस्थितियों के समय कोयला उद्योग में सेवाएं प्रारंभ की जब संसाधनों की कमी थी और उत्पादन के लक्ष्य को पूर्ण करना संभव नहीं होता था लेकिन अपनी कार्य कुशलता की बदौलत प्रबंधन से मिली जिम्मेदारी का उन्होंने बखूबी निर्वहन किया आज सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके साथियों ने जो सम्मान दिया है वह उनके जीवन की पूंजी है और ऐसा सम्मान विदाई समारोह के दौरान बहुत ही कम लोगों को मिलता है।

**ओवरमैन के पद पर हुई पहली नियुक्ति**

रविंद्र तोमर ने 1984 में शहडोल पॉलिटेक्निक कॉलेज से माइनिंग डिप्लोमा में प्रवेश लिया और 1987 में उत्तीर्ण किया। इसके बाद 1989 में पीडीपी ट्रेनिंग पाथाखेड़ा से पूर्ण की। उन्हें 24 जनवरी 1991 को पाथाखेड़ा में माइनिंग सरदार/ओवरमैन के रूप में पहली नियुक्ति मिली। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने सोहागपुर क्षेत्र की नौगांव माइंस (2006-2010), राजेंद्र माइंस (2010-2016), खैरा माइंस (2016-2019) और दामिनी माइंस (2019-2025) में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**समारोह में यह रहे उपस्थित**

सेवानिवृत्ति समारोह में खान प्रबंधक राजेश खमरिया, के. सिंह, जयकुमार सिंह, शांतनु शुक्ला, संजय सोनी, अखिलेश मिश्रा, अमनदीप सिंह, मुस्कान त्रिपाठी,एवं रविंद्र सिंह तोमर के समाधि चचाई निवासी कमलेश सिंह चंदेल,मानेन्द्र सिंह गहरवार, जनपद जैतहरी के जनपद सदस्य सत्यनारायण फुक्कू सोनी,रमेश गुप्ता व विभागीय साथी एन.जी. अवस्थी, मुन्ना जायसवाल, भागवत पांडे, संजू सोनी (क्लर्क) तथा अतुल शुक्ला सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री तोमर के अनुशासित कार्यशैली, समर्पण और नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की।

## खबर संक्षेप

### एमई लगाने आज परसवार फीडर दो घंटे रहेगा बंद

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्युत विभाग के जिला मुख्यालय स्थित कोतमा रोड सब स्टेशन से निकलने वाला पर परसवार फीडर आज सुबह 10 से 12 तक एमई लगाने हेतु बंद रहेगा जिससे सामतपुर, हनुमान मंदिर पीएचई, बीएसएनएल ऑफिस सामतपुर एवं मार्केट का कुछ क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

### कोतमा कोलियरी वर्कशॉप में चोरी की बड़ी वारदात




**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड के जमुना कोतमा क्षेत्र की कोतमा कोलियरी वर्कशॉप में 30 अक्टूबर की रात चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। इस संबंध में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी मारकंडेय सिंह द्वारा थाना भालूमाड़ा को लिखित पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 30 अक्टूबर की रात टीएसजी के कर्मचारी मानसिंह और टीएसजी अधीक्षक यादव के साथ के आरक्षक देवेंद्र यादव की ड्यूटी रात 11 बजे से सुबह 7 बजे तक लगी थी। इसी दौरान लगभग 3 बजे कुछ अज्ञात चोर वर्कशॉप परिसर में चोरी के उद्देश्य से घुसे और एक चोर को सुरक्षा बल ने पकड़ भी लिया। बताया गया कि पकड़े गए चोर की फोटो भी उपलब्ध कराई गई है, परंतु कुछ देर बाद लगभग 20 से 25 अन्य चोर वहां पहुंचे और अपने साथी को छुड़ाकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी मारकंडेय सिंह ने थाना भालूमाड़ा को पत्र लिखकर तत्काल जांच और उचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस घटना से कोलियरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों ने भी पुलिस प्रशासन से इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

### छात्रावासों, आश्रमों में आयोजित किए जाएंगे छात्रावास दिवस कार्यक्रम

**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 01 नवम्बर को जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में छात्रावास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्रावास एवं आश्रम की पालक समितियों के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनन्द राय सिन्हा ने बताया कि छात्रावास दिवस के अवसर पर छात्रावासों में शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया जाएगा। छात्रावास का वार्षिक प्रतिवेदन एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा। छात्रावास दिवस के आयोजन के पूर्व छात्रावास परिसर की साफ-सफाई रंगाई पुताई एवं आवश्यक मरम्मत के कार्य पूर्ण कराने के निर्देश छात्रावास अधीक्षकों को दिए गए हैं। उनसे यह भी कहा गया है कि छात्रावास परिसरों का सौंदर्यीकरण करने हेतु व्यवस्थित पौधरोपण क्यारियों का निर्माण भी किया जाए। प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त स्तर सामग्री क्रय करने हेतु विद्यार्थी को शासन के निर्देशानुसार राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे विद्यार्थी स्वयं विस्तर सामाग्री क्रय कर सकेंगे। छात्रावास दिवस के आयोजन हेतु जिले में संचालित 106 छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जो वहां उपस्थित रहकर सम्पूर्ण गतिविधियों का संचालन कराएंगे ।

## एकादशी से शादी व अन्य शुभ कार्यों की शुरूआत

# मनाई गई देवउठनी एकादशी, हुआ तुलसी विवाह

तुलसी विवाह का पर्व देवउठनी एकादशी शनिवार को नगर मे उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। गन्ने के मंडप तले शालिग्राम-तुलसी की पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से विवाह हुआ। देवउठनी पर्व के बाद वैवाहिक आयोजन सहित अन्य मांगलिक अनुष्ठान पूजा की शुरुआत हो गई है। धार्मिक परंपरा के साथ तुलसी व शालिग्राम विवाह देवउठनी में कराया गया। लोगो ने अपने घरों के द्वार पर रंगोली की कलाकृति भी बनाई।





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।**

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु चार माह के लिए सो जाते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जगते हैं। चार माह की इस अवधि को चतुर्मास कहते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन चतुर्मास का अंत हो जाता है और शादी-विवाह शुरू हो जाते हैं। हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का बहुत बड़ा महत्व है। हिंदी चंद्र पंचांग के अनुसार पूरे वर्ष में चौबीस एकादशी पड़ती है, लेकिन यदि किसी वर्ष में मलमास आता है, तो उनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। इनमें से एक देव उथानी एकादशी है। देवउठनी एकादशी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की ग्यारहवीं तिथि को होती है। कहा जाता है कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी को देव-शयन हो जाता है और फिर कार्तिक शुक्ल एकादशी के दिन, चातुर्मास का समापन होता है, देव चौदस त्योहार शुरू होता है। इस एकादशी को देवउठनी कहा जाता है।

### घर-घर उठाए गए देव

चार माह की लंबी नींद के बाद शनिवार को घर-घर में देवउठनी एकादशी पर देवों को उठाया गया। शाम को घर के चौक या आंगन में देवों की प्रतिमा उकेर कर उनकी पूजा की गई। देव उठनी एकादशी के साथ ही शादी व अन्य शुभ कार्यों को शुरू करने का सीजन शुरू हो गया।

### कराया तुलसी-शालीग्राम विवाह

देवउठनी पर शादी का धूमधाम से तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। कई जगह देवोत्थान एकादशी के उपलक्ष्य में शालीग्राम तुलसी का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया गया। शनिवार को देवउठनी एकादशी को घर-घर में देवता को उठाया गया। घरों में दीवार पर देवों की प्रतिमा को उकेर कर शाम को महिलाओं ने देवों को जगाया। भजन गाएं इस मौके पर गन्ने, सिंघाड़े व घर में बने भोजन से देवों को भोग लगाया गया। यही प्रसाद आस-पड़ोस व अन्य लोगों में वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिरों में भी विशेष पूजा की गई। जिला मुख्यालय सहित कोतमा नगर के पंचायती मंदिर मे सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जमा हो गई थी उसके बाद सामूहिक रूप से तुलसी के 108 फेरे लगाते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना कर शालीग्राम तुलसी का विवाह सम्पन्न कराया गया लोगों को तुलसी-शालीग्राम की कथा सुनाई गई।

### बाजार व पटाखा दुकानों मे रही भीड़

शनिवार को देव उठनी एकादशी को लेकर लोगों की भीड़ सुबह से लेकर देर शाम तक खरीददारी के लिए बनी रही। बाजार में गन्ना सकला के साथ ही पूजन सामग्री लाई बताशा दीया बाती फल फूल की दुकानों मे लोगो ने जमकर खरीददारी की। देव उठनी एकादशी को लेकर नगर के माडल स्कूल मैदान मे पटाखा की दुकान लगाई गई थी जहां लोगों ने जमकर खरीददारी की। रात्रि मे बच्चों एवं बड़ों जमकर आतिशबाजी की।

## मुण्डा के स्वास्थ्य केन्द्र में 13 दिनों से लटक रहा ताला

# इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण, जिम्मेदार बेसुध

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सभी आरोग्य मंदिर पर स्वास्थ्य सेवाएं संपादित करने के निर्देश दिए गए थे। जहां स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश हैं। मगर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया नहीं हो पा रहीं हैं। ग्राम पंचायत मुण्डा के आरोग्य मंदिर में लगभग एक पखवाड़े से ताला लटकता मिल रहा है जिस कारण समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मजबूरन झाड़ फूंक व झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ रहा है। जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडा का उप स्वास्थ्य केंद्र आज क्षेत्र में बिगड़े स्वास्थ्य व्यवस्था का जीवंत उदाहरण बन चुका है। 20 अक्टूबर से लगातार आज तक केंद्र पर ताला लटका हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र के ग्रामीण प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं से पूरी तरह वंचित हैं। केंद्र में पदस्थ सी.एच.ओ. प्राची गुप्ता एवं ए.एन.एम. गिरजा देवगन की अनुपस्थिति के कारण न तो ओपीडी सेवा संचालित हो रही है और न ही टीकाकरण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम। ग्रामीणों को छोटे-छोटे उपचारों के लिए भी कई किलोमीटर दूर स्वास्थ्य केंद्रों की दौड़ लगानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थिति की जानकारी बीएमओ डॉक्टर श्याम एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर वर्मा को दी जा चुकी है, मगर अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने इसे स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि जब सरकारी स्वास्थ्य केंद्र ही बंद रहेंगे, तो आम जनता कहां जाए। ग्रामीणों ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र मुंडा को तत्काल चालू किया जाए तथा अनुपस्थित कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाए।




### झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराना मजबूरी

इस क्षेत्र के ग्रामीण मजबूरन झाडफूंक के सहारे व झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करा रहे हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी नही हो पा रहा है। उपस्वास्थ्य केन्द्र में ताला लग जाने से अब इस क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ आ गई है। बड़ी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर इस क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर ठेका लेकर बुखार, टाईफाइड, उल्टी दस्त, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का उपचार करते हैं। इससे हमेशा अनहोनी का भय बना रहता है। ग्रामीणों बताया कि यहां उपस्वास्थ्य केन्द्र तो है लेकिन यहां पदस्थ स्वास्थ्य जिम्मेदार आरोग्य केन्द्र मे ताला जड़कर गायब हैं और हम स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पाने से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार कई बार वे इस समस्या से स्थानीय अधिकारियों को अगवत करा चुके हैं, लेकिन इस दिशा में किसी ने कुछ भी कार्यवाही नही की।

## जुआ सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश का कारण बन रहा


# परोड़ जंगल में खुलेआम चल रहा लाखों का जुआ

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।**

थाना भालूमाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कोयलांचल नगरी जमुना कॉलोनी के आसपास स्थित परोड़ के जंगल में इन दिनों खुलेआम जुआ 52 पत्ती का खेल चल रहा है। बताया जा रहा है कि यह अवैध गतिविधि इतनी तेजी से फैल चुकी है कि आसपास के कई युवा इसकी गिरफ्त में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस जुआ अड्डे पर हर रोज लाखों रुपए का दांव खेला जा रहा है, जबकि पुलिस प्रशासन पूरी तरह बेखबर नजर आ रहा है या फिर मिलीभगत में शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि जुआ खिलाने का काम जमुना निवासी किसी जालिम और फनूआ नामक व्यक्तियों के द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह लोग जंगल के अंदरूनी हिस्सों में जुआ खिलाते हैं और अपनी सुरक्षा के लिए एक-एक किलोमीटर की दूरी पर अपने लोगों को चौकसी पर तैनात रखते हैं, ताकि किसी अनजान व्यक्ति या पुलिस की हरकत की खबर पहले ही मिल जाए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस अवैध जुए की वजह से कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। पहले भी जमुना कालरी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने जुए में भारी नुकसान झेलने के बाद अपने परिवार के छह सदस्यों सहित आत्महत्या कर ली थी। उस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था, लेकिन इसके बाद भी जुआ माफियाओं के हौसले कम नहीं हुए। लोगों का कहना है कि यह जुआ अब सिर्फ एक खेल नहीं रहा, बल्कि सामाजिक विनाश का कारण बन चुका है। युवा वर्ग जुए की लत में अपनी पढ़ाई, रोजगार और पारिवारिक जीवन तक बर्बाद कर रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान से मांग की है कि ग्राम परोड़ के जंगल में चल रहे इस अवैध जुआं संचालन पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसके संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि कोयलांचल क्षेत्र में बर्बादी की इस श्रृंखला को रोका जा सके। यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया तो आने वाले दिनों में यह जुआ अड्डा जिले के युवाओं के लिए आत्मविनाश का केंद्र बन जाएगा।



# रीवा से बेंगलुरु एयरलिफ्ट की गई आंचल शुक्ला



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिले के जमुना कोतमा क्षेत्र निवासी कुमारी आंचल शुक्ला पिता नरेंद्र शुक्ला, जिनका ह्दय प्रत्यारोपण वर्ष 2018 में हुआ था, जिनकी तबियत 26 अक्टूबर को अचानक बिगड़ गई। गंभीर हालत में उन्हें जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज में सुधार न होने पर अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.के. वर्मा ने तुरंत उन्हें रीवा के सुपर हॉस्पिटल रेफर किया। स्थिति की सूचना जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को दी गई, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए 31 अक्टूबर को आंचल शुक्ला को रीवा से एयर एम्बुलेंस के जरिए बेंगलुरु के नारायण हॉस्पिटल में स्थानांतरित करवाया। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है और डॉक्टरों के अनुसार उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में भी आंचल शुक्ला के हार्ट ट्रांसप्लांट के समय उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विशेष पहल कर उनका जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। एक बार फिर उन्होंने संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए आंचल की जान बचाने में विशेष सहयोग किया।

# राजनगर में महिलाओं ने की आंवले की पूजा

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।**

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत अक्षय नवमी के अवसर पर राजनगर के वार्ड क्रमांक पांच, गेस्ट हाउस के सामने शिव मंदिर में अक्षय नवमी के अवसर पर शिव मंदिर के पुजारी गोलू महाराज ने मंदिर में उपस्थित महिलाओं का आंवला के वृक्ष का पूजन कराया। भारतीय परंपरा में आंवला वृक्ष को दिव्य और औषधिय गुणों से युक्त माना गया है। आंवला नवमी जिसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। यह धन, आरोग्य, समृद्धि का प्रतीक पर्व है। यह मान्यता है कि है, कि आंवला के नीचे भोजन करने और आंवला के फल सेवन करने से शरीर को रोगों से मुक्ति मिलती है, और मन को शांति प्राप्त होती है। अक्षय नवमी के पर्व पर श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती रजनी सिंह, श्रीमती सरिता सिंह, श्रीमती सुष्मिता मिश्रा, श्रीमती चंद्रकला दुबे, श्रीमती सुमिता शर्मा ने पारंपरिक पर्व को आत्मिक श्रद्धा के साथ मनाया। आंवला नवमी के इस अवसर पर शिव मंदिर परिसर में श्रद्धा भक्ति और प्रकृति के प्रति सम्मान का सुंदर संगम देखने को मिला। शाम तक नगर की कई महिलाओं ने मंदिर में आकर आंवला वृक्ष का पूजन किया।



# थाना रामनगर में हुई रन फॉर यूनिटी, जज़्बे ने जीता दिल

**हरिभूमि न्यूज रामनगर।**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर थाना रामनगर द्वारा मंगलवार को "रन फॉर यूनिटी" दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था "एकता में शक्ति है" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुमित कौशिक, नगर परिषद बनगवां के अध्यक्ष यशवंत सिंह, सीएमओ राममिलन तिवारी, थाना स्टाफ एवं बैष्ठ के कई जवान, स्थानीय सभी पत्रकार मौजूद रहे। दौड़ में प्रतिभागियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। पंकज यादव ने बाज़ी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, हिमांशु गुप्ता द्वितीय और अभिषेक पाल तृतीय स्थान पर रहे, लेकिन इस दौड़ की सबसे चर्चित शख्सियत बने समाजसेवी हर्षितेश्वर मणि तिवारी। भले ही वे आखिरी स्थान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। जब कई बार उन्हें "शॉर्टकट" का मौका मिला, तब भी उन्होंने ईमानदारी से दौड़ पूरी की और यही उनकी असली जीत रही। उनके पत्रकार मित्र अमित सेन गुप्ता ने पहले ही ऐलान किया था कि अगर हर्षितेश्वर जीतेंगे तो उन्हें 5100 का इनाम दिया जाएगा और अगर जीतकर वापस दौड़कर लौट आए तो 500 और मिलेंगे। हालांकि जीत न मिलने का अफसोस रहा, मगर उनके जज़्बे से प्रभावित होकर नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने उन्हें 500 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। "जीत वही नहीं जो पहले पहुंचे, जीत वह भी है जो हार मानने से इनकार करे।" हर्षितेश्वर मणि तिवारी ने इस बात को साबित कर दिया कि एकता की दौड़ केवल स्पीड की नहीं, बल्कि संकल्प और सच्चाई की भी होती है।

